बृहन्मुंबई महानगर पालिका शिक्षण विभाग (1)

प्रगत शैक्षणिक महाराष्ट्र

संकलित मूल्यमापन - 1 : 2018-2019

कक्षा - छठी विषय : समाजशास्त्र (लिखित)

माध्यम : हिंदी

| प्रश्न क्रमांक | 01 | 02 | 03 | 04 | प्रात्यक्षिक + मौखिक 05 | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राप्तांक | | | | | | |
| पूर्णांक | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | |

लिखित परीक्षा

सूचना : जिन उपप्रश्नों के आगे 2 अंक लिखा है वे उपप्रश्न दो अंक के हैं शेष सभी उपप्रश्न 1 अंक के हैं।

प्रश्न 1) दी गई सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों को हल करो:

अ) इतिहास के प्रमुख चार स्तंभ दिए गए हैं। उनमें से कौन-सा घटक भूगोल से संबंधित है? उचित विकल्प को गोल करो। (1)

1) समय 2) व्यक्ति 3) स्थल 4) समाज

ब) पहले समूह के संबंध को ध्यान में रखकर उसके अनुसार दूसरा समूह तैयार करो। (1)

मौखिक साधन : ओवी :: ....... : स्तूप

क) पृथ्वी के गोले पर कुछ खड़ी और तिरछी (आड़ी) रेखाएँ हैं। इनमें से किस रेखा की संख्या अधिक है? (1)

1) रेखावृत्त 2) अक्षवृत्त 3) मकरवृत्त 4) विषुवतवृत्त

ड) स्नेहा को शिक्षक ने आज का तापमान मापने को कहा तो स्नेहा निम्नलिखित में से किस उपकरण का चुनाव करेगी? (1)

1) वायुमापक 2) तापमापक 3) भूमापक 4) जलमापक

इ) निम्नलिखित सारणी में धर्म और धर्मग्रंथ का नाम छिपा है। सारणी में खोजकर कोई दो नाम लिखो। (2)

1)

2)

| | | | |
|---|---|---|---|
| पा | कु | बौ | बा |
| ई | र | द्ध | य |
| सा | आ | सी | ब |
| ई | न | जै | ल |

ई) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके पुन: लिखो।
गौसम' का वर्णन समय: समय पर करते हैं। (2)

(2)

उ) यदि आप विद्यालय के मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री हैं, तो आप कौन-कौन से काम करोगे? (2)

1)

2)

प्रश्न 2) निम्नलिखित उपप्रश्न दी गई सूचना के अनुसार हल करो।

अ) रास्ते पर जाते समय समीर को पानी की सार्वजनिक नल खुली दिखाई पड़ी तो निम्नलिखित में से कौन से कार्य व तुरंत करेगा? उचित पर्याय को गोल करो। (1)

1) ध्यान न देकर आगे निकल जाएगा।
2) उसकी सूचना अपने माता-पिता को देगा।
3) नल बंद करके आगे जाएगा।
4) पानी आपूर्ति करनेवाले विभाग को दोष देगा।

ब) धर्म और धर्मसंस्थापक के अयोग्य पर्याय को पहचानकर उसे गोल करो। (1)

1) बौद्ध धर्म – गौतम बुद्ध 2) जैनधर्म - वर्धमान महावीर
3) ईसाई धर्म – सेंटथामस 4) इस्लाम धर्म – मुहम्मद पैगंबर

क) भारत के उत्तर में हिमालय, पूर्व में बंगाल की खाड़ी, पश्चिम में अरब सागर और दक्षिण में ....... महासागर है। (1)

1) प्रशांत 2) हिंद 3) अटलांटिक 4) आर्कटिक

Scanned by CamScanner

ड) भारत के मानचित्र का निरीक्षण करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो (2) अंक


1) भारत के उत्तर में स्थित पर्वत श्रृंखला

_____ _____

2) भारत के वायव्य दिशा में स्थित सबसे बड़ा मरुस्थल

_____ _____

भारत - प्राकृतिक



2)

भारत के मानचित्र का निरीक्षण कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखो : (1)

भारत से होकर . . . यह महत्वपूर्ण रेखा जाती है। _____ _____

ई) निम्नलिखित सारणी को पढ़कर तथा दिए गए मुद्दों का सहसंबंध पहचानकर खाली स्थान भरो : (2)

| | |
|---|---|
| ब्रह्मचर्य आश्रम | वानप्रस्थ आश्रम |
| पहला आश्रम | . . . . . . . . . |
| . . . . . . . | गृहत्याग, तपस्या हेतु जागना |

उ) खाली चौखट में उचित वेद का नाम लिखो : (2)

1) विभिन्न देवताओं की स्तुति करनेवाली सूक्ति [ ]

2) यज्ञ में बोले जानेवाले मंत्र [ ]

प्रश्न3) निम्नलिखित उपप्रश्न को दी गई सूचना के अनुसार हल करो।

अ) सार्वजनिक आरोग्य अबाधित रखने के लिए तुम कौन से उपाय करोगे? उचित पर्याय गोल करो।

1) गंदे पानी के निकासी की उत्तम व्यवस्था व शौचालय का उपयोग

2) खुले हुए गटर

3) खुले में शौच करना (1)

4) प्लास्टिक का उपयोग करना

Scanned by CamScanner

ब) हड़प्पा संस्कृति के लोगों का विदेशी व्यापार समुद्री मार्ग से होता था। इस वाक्य की सार्थकता को प्रमाणित करनेवाली उचित पर्याय क्या है? उचित पर्याय को गोल करो। (1)

1) कारखानों का अवशेष
2) समुद्र के किनारे बनाए गए जहाजों के चित्र
3) समुद्र की गहराई में परिवर्तन
4) ऑनलाइन क्रय-विक्रय


क) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर अंतर स्पष्ट करके लिखो। (2)

| मुद्दा | मानचित्र | ग्लोब |
|---|---|---|
| उपयोग | | |

ड) पृथ्वी की गति के अनुसार विश्व में सबसे बड़ा घूमता हुआ ग्लोब कौन-सा है? उचित पर्याय को गोल करो। (1)

1) नासा 2) इसरो 3) अर्थ 4) आदित्य

ड) अपने देश भारत में तीन स्तरों पर शासनकार्य होता है। इसको पिरामिड की सहायता से पूर्ण करो। (2)




ई) पृथ्वी के विषुवत वृत्त से ध्रुव तक कितने कटिबंध होते हैं? उचित पर्याय को गोल करो।

1) दो 2) तीन 3) चार 4) पाँच (1)

उ) मैं कौन हूँ? (2)

मैं जल का ठोस रूप हूँ। ——

Page
Date / /


(5)

प्रश्न (4) अ) नीचे दिए गए उपप्रश्नों को दी गई सूचना के अनुसार हल करो। (2) अंक

i) तापमान मापने की इकाईयाँ

_____________ _____________

ii) तापमापी में दिखाई देनेवाला तापमान



[ ]

iii) तापमापी की नली में स्थित द्रव्य

[ ]

ब) भारतीय समाज में एकता निम्नलिखित में से किस घटक के द्वारा नहीं दिखाई पड़ती? उचित पर्याय को गोल करो।

1) भारतीय संविधान ने धर्मनिरपेक्षता के तत्त्व को स्वीकार किया है।
2) भारतीय समाज में सभी लोगों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराया गया है।
3) समाज के सभी व्यवहार एक-दूसरे पर आश्रित हैं।
4) कानून के अनुसार विशिष्ट धर्मों को संरक्षण प्राप्त है। (2)

क) सिंधु सभ्यता के पतन के कारण नीचे दिए गए हैं। इनमें से कौन-सा कारण योग्य है? उचित पर्याय को गोल करो। (2)

1) बार-बार आनेवाली बाढ़
2) व्यापार के घटक
3) बाहरी टोलियों का आक्रमण
4) अल्प मात्रा में स्थलांतरण

ड) इतिहास लेखन करते समय किस बात का ध्यान रखना चाहिए? उचित पर्याय को गोल करो।

1) मौखिक साधन के आधार पर इतिहास लेखन करना चाहिए
2) लिखित साधन के आधार पर इतिहास लेखन करना चाहिए
3) इतिहास लेखन करते समय व्यक्तिगत मत को ध्यान रखना चाहिए
4) ऐतिहासिक साधनों की विश्वसनीयता के आधार पर इतिहास लेखन करना चाहिए। (2)

Scanned by CamScanner

Page : Date : / / (6)

२) एशिया महाद्वीप के एकदम समीप महाद्वीप कौन-सा है ? (1)

1) अफ्रीका 2) यूरोप 3) आस्ट्रेलिया 4) उत्तरी अमेरिका

३) भौगोलिक स्थान निश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी आधुनिक पद्धति उपयोग करोगे ? (1)

1) मानचित्र 2) ग्लोब
3) जी॰पी॰ एस॰ 4) क्षेत्रभेंट

Scanned by CamScanner